# इंदौर के लाइसेंस से सतवास में चल रहा धावड़ा गोंद का कारोबार

▶ गेहूं के ढेर में छिपा कर रखा था आठ क्विंटल प्रतिबंधित धावड़ा गोंद वन विभाग ने किया जब्त



**सतवास। देवास जिले के सतवास में गल्ला व्यापारी मुकेश ट्रेडर्स के यहां से प्रतिबंधित धावड़ा का गोंद जब्त करने के बाद वन विभाग ने गोडाउन व्यापारी के हवाले कर दिया है। यहां से जब्त किए गए गोंद की कीमत पांच लाख रुपए में है। वहीं एक अन्य कार्रवाई भी की गई।**

जानकारी अनुसार सतवास वन विभाग के रेंजर रविकांत जैन ने 12 मई को सतवास के एक गल्ला व्यापारी मुकेश ट्रेडर्स के मुकेश राठौर, रामभरोसे राठौर के वार्ड 4 स्थित घर और पुनासा रोड के गोडाउन पर सर्च वारेंट के साथ कार्रवाई की। इस दौरान यहां गेहूं के ढेर में छिपा कर रखा आठ क्विंटल प्रतिबंधित धावड़ा गोंद जब्त कर लिया। इसकी कीमत लगभग पांच लाख रुपए आंकी गई है। साथ ही बड़ी मात्रा में चारोली अचार की गुठली, महुआ फूल आदि शामिल हैं, जिसकी कुल कीमत पंद्रह लाख रुपए आंकी गई है। सभी को जब्त कर व्यापारी का गोडाउन सील कर संबंधित लायसेंस, दस्तावेज मांगे गए, लेकिन व्यापारी द्वारा दस्तावेज इंदौर होने की बात कही गई। इस पर विभाग द्वारा उसे तीन दिन का समय दिया गया था। व्यापारी द्वारा 18 दिनों बाद दस्तावेज लाइसेंस पेश करने के बाद महुआ फुल एवं अचार गुठली का सील गोडाउन पंचों के सामने खोलकर व्यापारी के सुपर्द किया गया।

### प्रतिबंधित गोंद की जांच जारी

देवास जिले में पूर्ण रूप से प्रतिबंधित धावड़ा गोंद जब्त कर वन विभाग द्वारा पहले ही अपने सरकारी गोडाउन में रखा गया है। व्यापारी पर अब जैव विविधता बोर्ड द्वारा कार्रवाई की जाएगी। मामले में अब नया मोड़ यह सामने आया है कि दुकान देवास जिले के सतवास में है और लाइसेंस इंदौर जिले का है। मामले में सतवास रेंजर रविकांत जैन ने बताया कि 12 मई को मुखबिर की सूचना सतवास के मुकेश ट्रेडर्स के दो जगहों पर छाप मार कर लगभग पंद्रह लाख रुपए का माल जप्त किया। इसमें उसके यहां से देवास जिले में प्रतिबंधित धावड़ा गोंद आठ क्विंटल जब्त किया गया है, जो शासकीय गोडाउन में रखा है।



## सोनकच्छ में कालीसिंध नदी का गहरीकरण शुरू

**सोनकच्छ।** नगर का एकमात्र जलस्त्रोत कालीसिंध नदी है। जो कि इन दिनों कई स्थानों पर पूर्ण रूप से सूख चुकी है। जिसके कारण आमजन को इन दिनों जलसंकट का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर पूर्व में सीएमओ अमरदास सेनानी द्वारा दो दिन के अंतराल में पेयजल की मुनादी कराई थी लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद सेनानी ने उक्त आदेश को वापस लेना पड़ा। इसी बीच नगरवासियों ने नदी गहरीकरण की मांग छेड़ दी। नप अध्यक्ष श्रुति बघेल ने गहरीकरण कार्य करवाने का बीड़ा उठाया। बघेल ने स्वयं के खर्च से शुक्रवार को कालीसिंध नदी की पूजा अर्चना कर कार्य शुरू करवाया गया।

## एक नजर में

### ग्राम टिगरिया छोटा में स्टॉप डेम की सफाई का किया जा रहा कार्य

**बारिश का पानी सहेजने के लिए किए जा रहे जतन**




**देवास/बागली।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के साथ ही जिले में 19 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जनभागीदारी के माध्यम से कुओं, तालाओं, नदियों एवं अन्य जल स्त्रोतों की साफ सफाई एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। अभियान के तहत जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक मिलकर श्रमदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में देवास जनपद पंचायत के ग्राम टिगरिया छोटा में स्टॉप डेम की साफ-सफाई का कार्य किया गया। स्टॉप डेम की साफ-सफाई से बारिश के दिनों में साफ-एवं स्वच्छ पेयजल एकत्रित होगा तथा वाटर लेवल बढ़ेगा, जिससे पेयजल की समस्या से से निजात मिलेगी। स्टॉप डेम की साफ-सफाई कार्य में ग्रामीणजन भी उत्साह से जुड़ रहे हैं। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के लिए प्रदेश सरकार को धन्यवाद दे रहे हैं। अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कुएं, बावड़ियों, नदियों-नालों, तालाबों एवं अन्य जलाश्यों की साफ-सफाई की जा रही है। इस कार्य में ग्रामीणजन जिलेवासी भी सहभागिता कर रहे हैं। पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए सभी एकजूट होकर कार्य कर रहे हैं। जिले में जल संवर्धन के लिए मानव श्रृंखला बनाई जा रही है। दीवारों पर जल जागरूकता संबंधी स्लोगन लिखे जा रहे हैं। जल संवर्धन की शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल गंगा कलश यात्रा निकाल कर जल बचाने का संदेश दिया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत जल संरक्षण जागरूकता के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया भी किया जा रहा है। जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से प्रतिदिन वृक्ष एवं जल स्त्रोत पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, इसके साथ प्याऊ भी स्थापित किए जा रहे हैं।

### आंचलिक पत्रकार संघ में भाटिया बने तहसील अध्यक्ष



**कांटाफोड़।** आंचलिक पत्रकार संघ के संगठन विस्तार को लेकर लगातार सक्रियता देखने को मिल रही है। इसी कड़ी में आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश जी टांक की अनुशंसा एवं जिला संरक्षक संजय जी परसाई की सहमति पर देवास जिला अध्यक्ष शलभ गौरानी द्वारा जैकी भाटिया को सतवास तहसील अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। जैकी भाटिया लंबे समय से पत्रकारिता एवं सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय, ईमानदार, निष्पक्ष और संघर्षशील छवि के लिए पहचाने जाते हैं। उन्होंने हमेशा पत्रकार हितों, सामाजिक मुद्दों और जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाने का कार्य किया है। उनकी कार्यशैली और सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला अध्यक्ष शलभ गौरानी ने विश्वास जताया कि जैकी भाटिया के नेतृत्व में सतवास तहसील में संगठन को नई मजबूती मिलेगी तथा पत्रकारों की आवाज को और अधिक प्रभावशाली तरीके से उठाया जाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष जैकी भाटिया ने प्रदेश नेतृत्व एवं जिला पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की गरिमा और पत्रकार हितों के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करेंगे।जैकी भाटिया की नियुक्ति पर पत्रकार साथियों, इष्ट मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### भारत में रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 की हुई लॉन्चिंग

**इंदौर.** मिडसाईज मोटरसाईकल सेगमेंट (250सीसी-750सीसी) में ग्लोबल लीडर, रॉयल एनफील्ड ने आज भारत में अपनी प्रतिष्ठित मोटरसाईकल 'बुलेट' नए 650सीसी इंजन के साथ पेश की. इस लॉन्च के साथ ही भारत में नौ दशकों से चले आ रहे बुलेट के आईकॉनिक सफर का अगला अध्याय शुरू हो गया. बुलेट 650 के बारे में बोलते हुए बी. गोविंदराजन, मैनेजिंग डायरेक्टर - आयशर मोटर्स लिमिटेड और सी.ई.ओ, रॉयल एनफील्ड ने कहा, बुलेट नौ दशकों से अधिक समय से विश्वसनीयता, मजबूती और शुद्ध कैरेक्टर की पहचान है, जो प्योर मोटरसाईक्लिंग की रॉयल एनफील्ड की फिलॉसफी प्रदर्शित करती है. ऑल-न्यू रॉयल एनफील्ड बुलेट 650 में हम केवल बुलेट को नए रूप में पेश करना नहीं चाहते थे, बल्कि इसे मॉडर्निटी और ऑथेंटिसिटी के साथ और बेहतर बनाना चाहते थे. हमने इसके प्रपोर्शन और सिल्हुएट से लेकर स्टांस और डिटेलिंग तक हर एलिमेंट में इस प्रतिष्ठित मशीन के शुद्ध एसेंस और कैरेक्टर को बरकरार रखा है.

# नियमों को ताक पर रखकर सहायक सचिव ने करवाया स्कूल परिसर में बोरिंग

▶ खुले मैदान में हादसे के मुहाने पर मासूम



**कांटाफोड़।** नगर के समीप स्थित ग्राम पंचायत गोदना में पंचायत भवन के समीप ही स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय के परिसर में बिना शिक्षा विभाग की अनुमति एवं प्रभारी प्रधान अध्यापक दीपक परसाई की बिना जानकारी के नलकूप खनन का मामला सामने आया है।

जानकारी अनुसार 21 मई को सरपंच और सहायक सचिव ने मिल कर विद्यालय परिसर में नलकूप खनन कराया, जिसका गड्ढा आज भी खुला पड़ा है। इससे कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना का अंदेशा बना हुआ है। मैदान में चारों ओर खनन का मलबा पसरा है विद्यालय परिसर में सेवा सहकारी संस्था गोदना का परिसर भी लगा है, जिससे रासायनिक खाद का वितरण भी हो रहा है। इसका बच्चों के स्वस्थ पर गहरा असर पड़ सकता है। एक ही समय पर विद्यालय ओर खाद वितरण का काम चलता है जिसमें अनेक छोटे बड़े वाहन आते है , जिससे कोई बड़ी घटना का अंदेशा है ।

### ▶ संकुल प्रभारी को जानकारी ही नहीं...

पूर्व में सरपंच ओर सहायक सचिव के द्वारा बिना प्रधान अध्यापक को समिति में लिए रसोई भवन को तोड़कर उसकी नीलामी कर दी गई थी, जिसके पुन: निर्माण के दूर दूर तक कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। अध्यापकों से बात करने पर ओर भी रोचक जानकारी सामने आयी है। पूर्व में विद्यालय अध्यापकों द्वारा परिसर की सीमा के अंदर चारों ओर वृक्षारोपण की क्यारियां तैयार कर वृक्षारोपण किया था, लेकिन पंचायत ने अपनी मनमानी दिखाते हुए क्यारियां तोड़ कर पौधों को ही उखाड़ दिया। जब संकुल प्रभारी राकेश तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया कि नलकूप खनन बिना हमारी जानकारी के किया गया, जिसकी जानकारी उन्हें प्रभारी प्रधान अध्यापक दीपक परसाई द्वारा दी गई। मुझे मामले की जानकारी और भी लोगों द्वारा लगी है। जनपद के प्रभारी सीईओ दीपक मुजाल्द का कहना है कि मैंने बीपीओ और इंजीनियर को जवाब देह बनाया है वो मामले की जांच करेंगे एवं जल्दी उचित कार्रवाई होगी।


# ईद उल अजहा की नमाज ईदगाह पर हजारों लोगों ने अदा की




**भौंरासा।** ईद उल अजहा (बकरा ईद) का जश्न मुस्लिम समाज के लोगों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। मुस्लिम समाज के द्वारा परंपरागत रूप से तालिब शाह बाबा की दरगाह से एक अजीम ओ शान जुलूस निकला, जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ ईदगाह पहुंचा। यहां पर जामा मस्जिद बड़ा मोहल्ला के पेश इमाम मोहम्मद जाबिर रजा साहब ने ईद की नमाज अदा कराई। इसी प्रकार नन्हा मोहल्ला मस्जिद के ग्राउंड पर ईद की नमाज काजी अब्दुल वहाब खान साहब के द्वारा ईद की नमाज अदा कराई गई। इमाम मोहम्मद जबिर रजा साहब, काजी अब्दुल वहाब खान साहब ने बताया कि आज ईद का मुकद्दस दिन है, इस दिन हमें अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए गरीबों यतीमों का ख्याल रखना चाहिए। हमारे पैगंबर मोहम्मद मुस्तफा ने यह पैगाम दिया हमेशा एक दूसरे का ख्याल रखिए। नमाज के बाद हिंदुस्तान में अमन सुकून की दुआ की गई। हिंदुस्तान की तरक्की की दुआ मांगी गई प्रेम मोहब्बत और भाईचारे से एक दूसरे के साथ रहना चाहिए यह दुआ की गई जुलूस में प्रशासनिक अधिकारी भौरासा थाना प्रभारी अनिता सिंह, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह राजपूत ,अपने पूरे दलबल के साथ मौजूद थे इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर ब्लॉक अध्यक्ष मिथुन यादव, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद ईनानी, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, सहित आदि लोगों ने स्वागत किया इसके पश्चात आजाद चौक में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह ठाकुर राणा, व नगर परिषद के कर्मचारियों और पार्षदों के द्वारा काजी और इमाम का साफा बांधकर स्वागत किया गया और ईद की मुबारक बाद दी गई

# इनसान बनने के लिए अपनी बुराइयों की कुर्बानी जरूरी : अब्दुल वाहिद नूरी

### *ईद उल अजहा पर अदा की गई विशेष नमाज के बाद दिया पैगाम*



**बागली।** रसूल के उसूलों पर चलकर इनसान को इनसान बनने के लिए जरूरी है कि अपने में मौजूद बुराईयों की कुर्बानी दें। यह पैगाम अवाम को ईद उल अजहा के मौके पर नमाज ए जुमा में नूरी मस्जिद के पेश इमाम जनाब अब्दुल वाहिद नूरी ने दिया।

अपने पैगाम में बताया कि इस्लामी साल की शुरुआत अर्थात मोहर्रम माह में इंसानियत और मानवता की रक्षा के लिए हजरत अली व अहले बेत की कुर्बानी से होती हैं तथा साल के आखिरी में भी हजरत इब्राहीम व हज़रत इस्माईल की कुर्बानी की मिसाल दुनिया के सामने है। कुरान ए मजीद की हिदायतों और पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की शान के लिए हर मुसलमान को अमन,इमान और वतन परस्त होना जरूरी है। आम आदमी अपने में मौजूद घमंड, अहंकार हिंसा वहसियत आचरण, हर प्रकार का नशा तथा हराम स्त्रोतों से कमाई जैसी बुराईयों की कुर्बानी देकर अपने आप को सच्चा और अच्छा मुसलमान बनाएं। पेश इमाम ने देश के पर्यावरण संरक्षण के लिए पानी के अपव्यय रोकने तथा वृक्षारोपण करने, मौजूदा उर्जा संकट से बचने के लिए उर्जा की बचत करने तथा बच्चों को शिक्षित करने के लिए अपने फालतू शौक की कुर्बानीया देने की भी अपील की।

**एक नजर** ▶ **विधायक गायत्री राजे पवार ने भागवतजी की पूजा कर लिया आशीर्वाद**

# सत्य और समन्वय पर जरूर होता है ईश्वर का आगमन

**देवास। नगर के महाराष्ट्र समाज परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत महापुराण के पंचम दिवस कथा व्यास पं. डॉ दीपेश पाठक ने गोवर्धन की पूजा की दिव्य कथा को विस्तार पूर्वक सुनाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्त भाव विभोर हो गए। बालकृष्ण की अनेकों बाल लीलाओं का वर्णन करने के पश्चात गोवर्धन पूजा और इंद्र के मन मर्दन की दिव्य कथा भी विस्तार से सुनाई।**





जानकारी अनुसार भगवान गिरीराज को छप्पन भोग के दर्शन कराए गए। उन्होंने यह भी बताया कि जहां सत्य एवं भक्ति का समन्वय होता है। वहां भगवान का आगमन अवश्य होता है गाय की सेवा एवं महत्व को समझाते हुए बताया कि प्रत्येक सनातनी परिवार में गाय की सेवा अवश्य होनी चाहिए क्योंकि गाय में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास होता है गाय का दूध अमृत के समान बताया कथा के दौरान सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी गई जिसे सुनकर भक्तों को झूमने एवं नृत्य करने को विवश कर दिया तत्पश्चात छप्पन भोग के दिव्य प्रसाद का वितरण किया गया। प्रात:काल समय नित्यकर्म अनुसार वैदिक पूजन अभिषेक आदि वैदिक कार्य वैदिक आचार्य नगरपुरोहित पँ मनीष पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया। श्रीमद्भागवत कथा में विशेष अतिथि देवास की लोकप्रिय विधायक गायत्री राजे पंवार, विधायक-महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आ.भा.ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा स्थापक जी छोटू पांडे, सुभाष पंड्या,रघुनन्दन समाधिया तथा वैश्य महासभा के संतोष विजयवर्गीय, अशोक सोमानी, प्रेस क्लब के अध्यक्ष ललित शर्मा सचिव शेखर कौशल पूर्व अध्यक्ष अतुल बगलिकर मुकेश पांचाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत और व्यासपीठ को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर आयोजक श्री औदुम्बर वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा सभी का अभिनंदन स्वागत किया गया। छप्पन भोग का अर्पण संजय चौधरी द्वारा तथा श्री सतीश दुबे हिंगोनिया वालों की और से उपस्थित जन समुदाय केलिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई । तत्पश्चात व्यास पीठ की आरती एवं परिक्रमा कर प्रसाद का वितरण किया गया इस उक्त धार्मिक आयोजन में नगर की माताए बहने बड़ी संख्या में उपस्थित उपस्थित थी।उक्त जानकारी मंच के अध्यक्ष महेन्द्र उपाध्याय द्वारा दी तथा आभार संयोजक जयन्त शर्मा ने व्यक्त किया।